This question paper contains **3** printed pages]

F—40—2017

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (Second Semester) EXAMINATION

MARCH/APRIL, 2017

HINDI

Paper V

(प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य—भाग-2)

(Friday, 21-4-2017) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—Three Hours *Maximum Marks—75*

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(अ) सब उदार सब पर उपकारी। विप्र चरन सेवक नर नारी॥
एक नारि ब्रत रत सब झारी। ते मन वचन क्रम हितकारी॥
दंड जतिन्ह कर भेद जहं नर्तक नृत्य समाज।
जीतहु मनहिं सुनिअ अस रामचन्द्र के राज॥ 10

अथवा

रहिमन निज मन की व्यथा, मनही राख्यौ गोय।
सुनि अठिलै है लोग सब, बांटि न लैहै कोय॥
रहिमन चुप है बैठिये, देखि दिनन को फेर।
जब नीके दिन आइ है, बनत न लगि है देर॥

P.T.O.

E80BD691CFC3C57DDDECEC82FC75D735

(आ) गई आगि उर लाय, लागि लेन आई जो तिय।

लागी नाहिं बुझाय, भभकि भभकि बरि बरि उठै॥

रहिमन मोहिं न सुहाय, अमि पियावत मान बिन।

जो विष देय बुलाय, प्रेम सहित मरिबो भलो॥ 10

अथवा

तो पर वारौ उरबसी, सुनि राधिकै सुजान।

तू मोहन कैं उर बसी, है उरबसी समान॥

कौन भाँति रहिहै, बिरदु अब देखिवी मुरारि।

बीधे मोसौं आइ कै, गीधे गीधहिं तारि॥

2. उत्तरकांड के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए। 20

अथवा

बिहारी शृंगार के चतुर चितेरे कवि हैं — सोदाहरण समझाइए।

3. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) रहीम के नीति संबंधीत विचार; 10

अथवा

बिहारी की भाषा।

(आ) रहीम के दोहों में व्यक्त सामाजिक जीवन; 10

अथवा

तुलसी की विनयभावना।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **15-20** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) गुरुगोविंद सिंह के साहित्य का परिचय दीजिए।

(*ii*) रसखान के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(*iii*) देव के साहित्य की विशेषताओं को लिखिए।

(*iv*) भूषण का काल विशेष में स्थान स्पष्ट कीजिए।

E80BD691CFC3C57DDDECEC82FC75D735

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'प्रेमवाटिका' किस कवि की रचना है ?

(*ii*) गुरुगोविंद सिंह का जन्म कब हुआ ?

(*iii*) 'शिवा बावनी' के रचयिता कौन हैं ?

(*iv*) मतिराम किस काल के कवि हैं ?

(*v*) देव के पिता का नाम क्या था ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) देव .... काव्यधारा के कवि हैं।

(*ii*) रसखान का जन्म .... ई. सन में हुआ।

(*iii*) 'ललित ललाम' .... कवि की रचना है।

(*iv*) .... कवि राजा छत्रसाल के दरबारी कवि थे।

(*v*) गुरुगोविंद सिंह के पिता का नाम .... था।

E80BD691CFC3C57DDDECEC82FC75D735